कार्यालयः वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, उ0प्र0, झांसी

पत्रांक– 3869 / 33–1 / दिनांक, जून, 03 – ,2022।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय :– जनपद झांसी में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम गुलारा, तिलैथा, बचावली एवं बुढपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना हेतु पाईप लाईन विछाये जाने में प्रभावित संरक्षित वन भूमि 6.2793 हे0 एवं आरक्षित वन भूमि 0.408 हे0 कुल 6.6873 हे0 वन भूमि पर बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी कार्य की अनुमति के सम्बन्ध में। प्रस्ताव संख्या– FP/UP/Water/150514/2021।

संदर्भ :– 1. आपका पत्रांक– 3349/11–सी, दिनांक 27.05.2022।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी का पत्रांक– 3576/15–1, दिनांक 03.06.2022।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्ताव में लगाई गई आपत्तियों के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी ने अपने संदर्भित पत्र दिनांक 03.06.2022 द्वारा निराकरण कर संस्तुति सहित पूरक अभिलेख इस कार्यालय को प्रस्तुत किये है जिनके परीक्षणोपरान्त पूरक अभिलेख तीन प्रतियों में संलग्न कर प्रस्ताव को स्वीकृत किये जाने की संस्तुति सहित प्रेषित है।

संलग्नक– पूरक अभिलेख तीन प्रतियों में।

भवदीय

(पी0पी0सिंह)
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी
वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी

पृष्ठांकन संख्या– 3869 / समदिनांक।

**प्रतिलिपि–** प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** रणविजय सिंह, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, झांसी को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि आप अपने कार्यालय से किसी भिज्ञ अधिकारी/कर्मचारी को इस कार्यालय से प्रस्ताव व पत्र प्राप्त कर मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय के प्राप्त कराने एवं प्रभावी पैरवी करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

(पी0पी0 सिंह) 03/06
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी
वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी

3-6-022

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी वन प्रभाग, झांसी**

पत्रांक 3576 /15–1 दिनांक, झांसी, 3/6/ 2022

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
बुन्देलखण्ड वृत्त, उ0प्र0, झांसी ।

Phone/Fax No. - (0510) 2370037
E-mail - dfojhansi@gmail.com
Address - 121 Civil Line, Jhansi

विषयः— जनपद झांसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम गुलारा, तिलैथा, बचावली एवं बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु पाइप लाइन बिछाये जाने में प्रभावित संरक्षित वनभूमि 6.2793 हे0 एवं आरक्षित वनभूमि 0.408 हे0 कुल 6.6873 हे0 वनभूमि पर बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी कार्य की अनुमति हेतु ।

संदर्भः— मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–3349/11सी, दिनांक 27.05.2022, प्रस्ताव सं0 FP/UP/Water/150514/2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयांकित प्रस्ताव में लगाई गयी आपत्तियों का निराकरण कर संस्तुति सहित निराकरण अभिलेख प्रस्ताव की चार प्रतियों में संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ संस्तुति सहित मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को प्रेषित करने की कृपा करें। आपत्तियों का निराकरण भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 28.03.2019 को निर्गत Handbool of Forest (Conservation) Act, 1980 and Forest Conservation Rules, 2003 (Guidelines & Clarification) के चैप्टर–4 पैरा–4.2 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार किया गया है, विवरण निम्न प्रकार है :–

1. प्रस्ताव में प्रभावित आरक्षित वनभूमि 0.408 हे0 के दोगुने 0.816 हे0 बबीना रेंज के अन्तर्गत बघौरा वन ब्लाक की आरक्षित वनभूमि में क्षतिपूरक वक्षारोपण हेतु चयनित की गयी है, जिसका उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न है। पेज सं0 106

2. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु बबीना रेंज की बघौरा वन ब्लाक में 0.816 हे0 आरक्षित वनभूमि में 816 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन संलग्न है। पेज सं0 91–103 तक

3. उपरोक्तानुसार सी0ए0 डिजिटल मैप, टोपोशीट एवं के0एम0एल0 फाइल सी0डी0/पैन ड्राइव में संलग्न है। पेज सं0 104 व 105

4. प्रस्ताव के भाग–2 के कम सं0 10(i) में प्रतिपूरक वृक्षारोपण 0.816 हे0 एवं 10(iv) में प्रतिपूरक वनीकरण स्कीम के लिए कुल वित्तीय परिव्यय 151374.00 (एक लाख इक्यावन हजार तीन सौ चौहत्तर) अंकित कर दिया गया है। पेज सं0 13–15

5. उपरोक्त अभिलेख ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड कर दिये गये है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(डी0एन0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

वन संरक्षक
झांसी
3/6

पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांक

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(डी0एन0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

Proposal No. 150514 Letter_Van